### एक नजर में



### हनुमानजी के समक्ष रखी प्रसाद वानर ने ग्रहण की

**जीरापुर 16 जनवरी, सं.** नगर के मध्य पुलिस थाना परिसर में स्थित सिदेश्वर महादेव मंदिर में हनुमान जी महाराज के चरणों में साक्षात वानर ने हनुमानजी के लगाये प्रसाद के भोग को ग्रहण किया. मंदिर परिसर में पीपल बिल्वपत्र के पेड़ मोजूद है जहां पर वानर घुमते छलांग लगाते रहते हैं ऐसे में हनुमान जी के मंदिर के पट खोल गये वैसे ही तीन चार वानर ने मूर्ति के सामने रखी प्रसाद को ग्रहण किया.

### चायना मांजे के विरोध में संदेश दिया

**राजगढ़ 16 जनवरी, का.** प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय राजगढ़ की इकाई राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा सात दिवसीय शिविर गोद ग्राम कालीपीठ में स्वयंसेवकों के साथ मकर संक्रांति मनाते हुए चायना मांजे का विरोध करते हुए देशी धागे द्वारा पतंगों को उड़ाया तथा स्वदेशी उत्पादों का उपयोग करते हुए स्वदेश का संदेश दिया. शिविर के बौद्धिक सत्र में स्टेट बैंक ऑफ़ इंडिया शाखा राजमहल राजगढ़ के शाखा प्रबंधक राजेंद्र सिंह केलवा तथा उनकी टीम के द्वारा स्वयं सेवकों को डिजिटल साक्षरता के विषय में मार्गदर्शित किया गया. उन्होंने बताया गया कि वर्तमान में डिजिटल साधनों द्वारा आसामाजिक तत्वों द्वारा फ्रॉड कार्य भी किया जा रहे हैं. जिससे उनको बचने की आवश्यकता है. यदि सतर्क नहीं रहेंगे तो उनके बैंक बैलेंस ऐसे तत्वों द्वारा खाली कर दिए जाएंगे. सात दिवसीय विशेष शिविर संस्था प्राचार्य डॉ. वी.बी. खरे के मार्गदर्शन एवं संरक्षण में संपन्न किया जा रहा है.

### आबकारी की कार्रवाई अवैध शराब ज़ब्त

**राजगढ़ 16 जनवरी, का.** विशेष अभियान के तहत कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा के निर्देश पर जिला आबकारी अधिकारी रीतेश लाल एवं सहायक जिला आबकारी अधिकारी शैलेंद्र वर्मा एवं दिलीप कुमार भादे के नेतृत्व में जिले मे अवैध मदिरा के निर्माण, धारण, संग्रहण, विक्रय व परिवहन के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत अवैध मदिरा बरामद कर कार्यवाही की गई. ब्यावरा वृत्त प्रभारी दीपक राजपूत द्वारा वृत्त ब्यावरा क्षेत्र के ग्राम मानकी, नापानेरा कंजर अड्डा, नेताहाड़ी, सुठालिया, तोड़ी, गंगाहोने, भावास, तलावली, पहाड़गढ रोड, मऊ पठार एवं अन्य संदिग्ध स्थलो पर दबिश दे कर मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम की धारा 34(1)क, 34(1)च के तहत 18 प्रकरण कायम कर 180 ली. हाथ भट्टी कच्ची मदिरा, 3 बियर, 6 पाव मसाला, 3 पाव प्लेन, महुआ लहान 400 कि.ग्रा. और गुड लहान लगभग 2000 लीटर विधिवत जप्त की गई द्य जप्त मदिरा और लाहन का अनुमानित मूल्य 277275 रुपए है. साथ ही 4 ड्रम 5 टंकी और अवैध मदिरा निर्माण के लोहे के 2 ड्रम भी ज़ब्त किए गए. उक्त कार्यवाही में वृत्त खिलचीपुर प्रभारी अंकित चौहान, वृत्त सारंगपुर प्रभारी सौरभ कनासे साथ रहे.

# अंतत : करोड़ों की चोरी करने वाला व्यापारी प्रकट हुआ

## टैक्स चोरी व किसानों का पैसा नहीं चुकाने, जीएसटी विभाग की कार्रवाई से गायब हुए व्यापारी के विरुद्ध कलेक्टर ने दिखाई थी सख्ती

नवभारत न्यूज

**ब्यावरा 16 जनवरी,का. जीएसटी विभाग और किसानों को तीन करोड़ से अधिक का चूना लगाकर लापता हुए पचोर के मंडी व्यापारी ने अंततः आज स्वतः ही अपनी आमद मंडी में दे दी. अचानक व्यापारी की उपस्थिति के पीछे कलेक्टर द्वारा बनाए गया दबाव माना जा रहा है.**

उल्लेखनीय है कि उक्त मंडी व्यापारी ने जीएसटी विभाग को तो चपत लगाई ही मंडी में सोयाबीन बेचने वाले किसानों को भी चपत लगाने का मामला प्रकाश में आया था. यह जानकारी जब कलेक्टर डॉ गिरीश कुमार मिश्रा को लगी तो उन्होंने तत्काल उसके गोदाम पर खड़े सोयाबीन से भरे दो ट्रकों को जब्त करवाकर मंडी प्रशासन को सौंप दिया था.

कलेक्टर ने मंडी प्रशासन को यह निर्देश दिये थे कि आवश्यकता पड़ती है तो इस सोयाबीन को बेचकर किसानों के पैसे की व्यवस्था की जाए. कलेक्टर ने पुलिस को भी व्यापारी को ढूंढ निकालने तथा मंडी प्रशासन को सख्त रूख अपनाने के निर्देश दिये थे. इसी प्रकार जीएसटी विभाग भी अपनी कार्रवाई प्रभावी तौर पर करने के लिये सक्रिय हुआ तो व्यापारी पर इसका प्रभावी असर पड़ा. प्रशासन और जीएसटी विभाग द्वारा की जा रही कार्रवाई की भनक जब मंडी व्यापारी आनंद माहेश्वरी को उनके व्यापारी मित्रों के माध्यम से लगी तो शुक्रवार सायंकाल 7 बजे के लगभग व्यापारी ने पचोर मंडी स्थित अपने कार्यालय में आमद दे दी. इसकी सूचना प्राप्त होते ही जीएसटी विभाग की टीम पुलिस अभिरक्षा में मंडी कार्यालय पहुंच गई. समाचार लिखे जाने तक जीएसटी विभाग व्यापारी के बिल बाऊचर तलाशे जा रहे थे.



### व्यापारी के एक बैंक खाते में 27 लाख मिले

जीएसटी विभाग द्वारा पचोर के मंडी व्यापारी आनंद माहेश्वरी की दो फर्म श्री देव ट्रेडर्स और केशव ट्रेडर्स पर की गई छापामार कार्रवाई के दौरान उसके बैंक खाते भी सीज कर दिये गये है. सूत्रों के अनुसार व्यापारी के एक खाते में करीब 27 लाख रूपये जमा है. जिसे होल्ड करा दिया गया है. जबकि करीब 40 लाख रूपये की सोयाबीन से भरे दो ट्रक जब्त किये गये है. व्यापारी के अन्य खातों में भी कुछ राशि होने की जानकारी है. इस प्रकार करीब एक करोड़ रूपये की रिकवरी तो व्यापारी से शीघ्र की जा सकती है.

### अपने पैसे की चिंता में किसान भी करने वाले थे उग्र प्रदर्शन

किसानों को जब पता लगा कि उनकी उपज का पैसा लेकर मंडी व्यापारी लापता हो गया है तो वे भी उग्र प्रदर्शन करने वाले थे. इसकी भनक राज्यमंत्री गौतम टेटवाल को लगी तो उन्होंने मामले की वस्तुस्थिति से कलेक्टर डॉ गिरीश कुमार मिश्रा को अवगत कराते हुए हर हालत में किसानों के पैसे उन्हें लौटाने की बात कही. इस पर कलेक्टर श्री मिश्रा ने सख्त रूख अपनाते हुए मंडी प्रशासन, पुलिस और व्यापारी से जुड़े अन्य लोगो पर सख्त रूख अपनाने के निर्देश दे दिये. कलेक्टर के इस रूख का अहसास होते ही मामले में एक दम परिर्वतन आया और जिस व्यापारी के लंबे समय तक नहीं लौटने की अटकले लगाई जा रही थी वह व्यापारी 24 घंटे के अंदर उपस्थित हो गया. गौरतलब है कि जीएसटी विभाग की आंखों में धूल झोकते हुए रिर्टन भरते समय ऑन लाइन डेटा इंट्री में बदमाशी कर उक्त व्यापारी ने करीब दो करोड़ की टैक्स चोरी करने का मामला प्रकाश में आया था. बुधवार को विभाग ने उसके कार्यालय को सील किया था. इसके बाद अगले दिन वह परिवार सहित गायब हो गया था तो जीएसटी विभाग ने गुरूवार को उसके मकान को भी सील कर दिया था. माना जा रहा है कि व्यापारी ने फर्जी आंकड़े के माध्यम से आईटीसी अधिक बताकर उसी आईटीसी से टैक्स जमा कर दिया और जो टैक्स वसूला उसे कैश कर लिया. **दुकान के बाद मकान में रखे दस्तावेजों की होगी जांच–** सरकार को टैक्स का चूना लगाने वाले व्यापारी आनंद माहेश्वरी के तमाम दस्तावेजों की जांच जीएसटी विभाग के अधिकारियों द्वारा शुरू कर दी गई है. व्यापारी के आते ही जीएसटी विभाग की टीम भी पचोर पहुंची और व्यापारी के कार्यालय को खुलवाकर उसमें रखे दस्तावेजों की जांच में लग गई. विभाग के इंदौर कमिश्र्र कार्यालय से भी अधिकारी पचोर पहुंचे है. मामला गंभीर होता देख जीएसटी विभाग सभी बिंदुओं पर जांच–पड़ताल करने भिड़ गया है. सूत्रों के अनुसार कल अचानक लापता होने वाला व्यापारी आज जीएसटी विभाग को जांच में सहयोग कर रहा है और उसके द्वारा दस्तावेज दिखाकर विभाग के अधिकारियों को यह भरोसा दिलाया जा रहा है कि जो भी टैक्स बनेगा उसे वह जमा करने के लिये तैयार है. इसके लिये वह विभाग से और प्रशासन से कुछ वक्त मांगने की गुहार कर रहा है. इस मामले में स्थानीय अधिकारियों ने मामला वरिष्ठ कार्यालय का बताते हुए आगे की कार्रवाई की बात कही है. हालांकि अभी जीएसटी की कार्रवाई लंबी चलने की संभावना व्यक्त की जा रही है. व्यापारी द्वारा किन व्यापारी को माल बेचा गया और किन से खरीदा गया. टैक्स की चौरी कैसे और कब–कब की गई. किसी डिफाल्ट व्यापारी से तो खरीदी–बिक्री नहीं गई. टैक्स चोरी के साथ ही खरीदी के आंकड़ों में तो अंतर नहीं है. भुगतान का तरीका क्या रहा और भुगतान कैसे तथा कब किसके खाते से हुआ. टैक्स चोरी के साथ ही विभाग संबंधित व्यापारी पर क्या पैनल्टी अथवा कितना टैक्स आरोपित करता है यह भी देखने वाली बात होगी.

### दान वस्तुओं का नहीं, बल्कि शांति, प्रेम, सहयोग का भी करें

**नवभारत न्यूज, राजगढ़ 16 जनवरी, का.** मकर संक्रांति केवल एक त्योहार नहीं, बल्कि आत्मिक जागृति का संदेश है. प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय शिव दर्शन भवन खिलचीपुर के द्वारा मकर संक्रांति का त्योहार बड़े ही उमंग उत्साह के साथ मनाया गया. इस अवसर पर ब्रह्माकुमारी नीलम बहन ने मकर संक्रांति का आध्यात्मिक अर्थ बताया. यह पर्व सूर्य के उत्तरायण होने का प्रतीक है. जैसे सूर्य दक्षिणायन से उत्तरायण की ओर जाता है, वैसे ही आत्मा को भी देह–अभिमान से ऊपर उठकर आत्म–अभिमान की ओर जाना है. जब ज्ञान सूर्य परमात्मा शिव जो स्वयं प्रकाशमान हैं और सभी आत्माओं का पिता है जब वह इस धरती पर आते हैं तब शांति, शक्ति और पवित्रता की किरणें देते हैं. तिल और गुड़ का भावार्थ है. आत्मा की मजबूती और सहनशीलता, गुड़ मीठे संस्कार और मधुर वाणी जीवन में कड़वाहट नहीं, मधुरता और प्रेम अपनाने का प्रतीक है. दान का रहस्य दान केवल वस्तुओं का नहीं, बल्कि शांति, प्रेम, सहयोग का भी करना चाहिए. पतंग उड़ाना ऊँचे संकल्पों का संकेत पतंग जितनी ऊँची उड़ती है,

### खेलो एमपी यूथ गेम्स का आयोजन

**राजगढ़ 15 जनवरी, का.** खेलो एमपी यूथ गेम्स 2026 के अंतर्गत विकासखंड स्तरीय प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया. इस प्रतियोगिता में विभिन्न खेलों के खिलाड़ियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की. फुटबॉल, जूडो, क्रिकेट, मल्लखंब एवं कुश्ती खेलों के ट्रायल आयोजित किए गए. वहीं बुधवार को प्रोग्रेसिव हाईट स्कूल में योगा, टेबल टेनिस, बैडमिंटन, शतरंज एवं खो–खो सहित अन्य खेलों के ट्रायल संपन्न हुए. इन ट्रायल्स के माध्यम से चयनित प्रतिभावान खिलाड़ी आगामी 18 एवं 19 जनवरी, 2026 को आयोजित होने वाली जिला स्तरीय खेलो एमपी यूथ गेम्स प्रतियोगिता में विकासखंड का प्रतिनिधित्व करेंगे.

## बस हादसा : अनफिट वाहन और चालक पर प्रकरण दर्ज

नवभारत न्यूज

**खिलचीपुर 16 जनवरी, सं. बीते दिनों खिलचीपुर में बस हादसे में 9 बच्चों के घायल होने के बाद जांच उपरांत पुलिस ने बस के अनफिट पाए जाने पर प्रकरण दर्ज कर लिया है. साथ ही धाराओं में भी बढ़ोतरी की गई है.**

घटना बीते13 जनवरी की है. सुबह 10 बजे एसडीएम कार्यालय के सामने राजगढ़ रोड, खिलचीपुर पर फरियादी जगदीश पिता गंगाराम दांगी, उम्र 34 वर्ष, निवासी घाटाखेड़ी, अपने ट्रैक्टर सोनालिका क्रमांक एमपी 39 एडी 2958 से पेट्रोल पंप से डीजल भरवाकर मुख्य मार्ग पर आया था. इसी दौर हान राजगढ़ की ओर से आ रही एक स्कूल बस को उसके चालक द्वारा तेज गति एवं लापरवाहीपूर्वक चलाते हुए ट्रैक्टर में टक्कर मार दी गई. दुर्घटना में बस में सवार 09 बच्चे घायल हो गए, जिन्हें तत्काल उपचार हेतु अस्पताल भिजवाया गया. मौके का नक्शा मौका तैयार किया गया तथा फरियादी एवं प्रत्यक्षदर्शी साक्षियों के कथन लेखबद्ध किए गए.

बस चालक रतन पिता मदनलाल दांगी, निवासी हिनोतिया, के विरुद्ध वैधानिक कार्यवाही की गई दिनांक 14.01.2026 को बस चालक को धारा 35(3) बीएनएनएस का नोटिस तामील कराया गया एवं वाहन से संबंधित दस्तावेज जप्त किए गए. विवेचना में बस का वैध परमिट एवं फिटनेस न होना पाया गया इस पर बस संचालक एवं स्कूल प्राचार्य शिवचरण दांगी के विरुद्ध धारा 66/192(1) एवं 56/192(1) मोटर व्हीकल एक्ट के अंतर्गत अपराध में इजाफा किया गया है प्रकरण की विवेचना जारी है.

### सिविल सेवा प्रोत्साहन योजना अन्तर्गत 50 हजार की मदद

**राजगढ़ 16 जनवरी, का.** म.प्र. लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित राज्य सेवा परीक्षा–2024 में अनिल नागर पिता मनोहरलाल नागर निवासी जामोनिया तहसील ब्यावरा का चयन वित्त विभाग के अधीनस्थ लेखा सेवा के पद पर हुआ है. अनिल द्वारा पिछड़ा वर्ग तथा अल्पसंख्यक कल्याण विभाग द्वारा संचालित सिविल सेवा प्रोत्साहन योजना के माध्यम आर्थिक लाभ विभाग द्वारा दिया गया.

## रोजगार मंत्री ने संकल्प से समाधान अभियान का किया शुभारंभ



नवभारत न्यूज

**सारंगपुर 15 जनवरी, सं.** शुक्रवार को राज्यममंत्री डॉ गौतम टेटवाल की उपस्थिति में मध्य प्रदेश शासन द्वारा संचालित संकल्प से समाधान अभियान अंतर्गत नगर पालिका परिषद, सारंगपुर द्वारा 16 जनवरी को प्रातः 11.00 बजे कार्यक्रम का आयोजन वार्ड क्रमांक 07 अम्बेडकर मांगलिक भवन सारंगपुर से मध्य प्रदेश सरकार द्वारा संकल्प से समाधान अभियान जनसामान्य को कल्याणकारी हितग्राही मूलक योजनाओं का सुगमता से लाभ उपलब्ध कराने के उद्देश्य से शुभारंभ किया गया. उक्त अभियान अन्तर्गत प्रथम चरण में नगरीय क्षेत्र के वार्डों के लिए दल गठित किए गए हैं. जिसमें नोडल अधिकारी, वार्ड प्रभारी व अन्यल कर्मचारी शामिल किये गये गये हैं. वार्ड स्तर पर शिकायतें एवं आवेदन संग्रह कर पोर्टल पर दर्ज कराएंगे. इसमें सामाजिक न्याय विभाग, वित्त, राजस्व, नगरीय विकास एवं आवास, जनजातीय कार्य, कृषि, एमपीईबी सहित अन्य विभागों की सेवाएं सम्मिलित हैं. यह अभियान तीन चरणों में 31 मार्च तक चलेगा. आयोजित कार्यक्रम में नपाध्यक्ष पंकज ललित पालीवाल, मुख्य नगर पालिका अधिकारी सुश्री ज्योति सुनहरे तथा निर्वाचित पार्षद गोपाल पाल, राकेश पुष्पद, अमित गिरजे एवं नगर पालिका उपाध्यक्ष प्रतिनिधि निलेश वर्मा व पार्षद प्रतिनिधि बाबुलाल अहिरवार, कुलदीप राठौर व निकाय के कर्मचारी उपस्थित थे. अंत में आभार पार्षद गोपाल पाल द्वारा व्यक्त किया गया.

### सात दिवसीय विशेष एनएसएस शिविर का दूसरा दिन संपन्न

**राजगढ़ 15 जनवरी, का.** प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस, की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा आयोजित सात दिवसीय विशेष आवासीय शिविर का दूसरा दिन उत्साह, सीख और सामाजिक जागरूकता से भरपूर रहा. दिवस की शुरुआत बौद्धिक सत्र से हुई. जिसमें 'खुशियों के ओटला' के संचालक सुरजीत सिंह अजमानी ने स्वयंसेवकों को समाज सेवा के उद्देश्यों, के बारे में मार्गदर्शन दिया.

## उद्यमिता दिवस पर प्रेरणादायक फिल्म का प्रदर्शन




**राजगढ़ 16 जनवरी, का.** प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ़ एक्सीलेंस शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, राजगढ़ में उद्यमिता दिवस का आयोजन स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ द्वारा किया गया. कार्यक्रम महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. वी.बी. खरे के निर्देशन में सम्पन्न हुआ. उद्यमिता एवं स्टार्टअप दिवस के अवसर पर विद्यार्थियों के लिए प्रेरणादायक फिल्म द परस्वीट आफ हैप्पीनेस का प्रदर्शन किया गया. इस फिल्म के माध्यम से छात्रों को संघर्ष, आत्मविश्वास, नवाचार तथा उद्यमशीलता के मूल्यों को समझाने का उद्देश्य रखा गया. कार्यक्रम अधिकारी डॉ. रानू खारेलिया ने बताया कि उद्यमिता आज के समय की महत्वपूर्ण आवश्यकता है और ऐसे कार्यक्रम विद्यार्थियों को आत्मनिर्भरता एवं स्टार्टअप संस्कृति की ओर प्रेरित करते है.

## कलश यात्रा से भागवत कथा का शुभारंभ किया



नवभारत न्यूज

**जीरापुर 16 जनवरी, सं.** नगर के कुशवाह मोहल्ला स्थित श्री राम मंदिर पर श्री मद् भागवत कथा की भव्य शुरुआत के पुर्व नगर में भागवत शोभायात्रा निकाली गई. भागवत कथा के आयोजक कुशवाह समाज जीरापुर द्वारा भव्य शोभायात्रा नगर के प्रमुख मार्गो से निकाली जिसमें महिलाएं कलश धारण कर भगवान के भजनों का गुणगान करते चल रही थी. भागवत कथाकार पंडित कमल बिहारी नागर के मुखारविंद से प्रतिदिन रात्रि 8 बजे से 11बजे तक संगीतमय कथा श्रवण करवाई जावेगी. 22 जनवरी को विश्राम होगा.



## तैराकी और कबड्डी में संस्कार एकेडमी ने दिखाया दम

नवभारत न्यूज

**पचोर 15 जनवरी, सं.** खेलो एमपी अभियान के अंतर्गत जिला स्तरीय तैराकी एवं ब्लॉक स्तरीय कबड्डी टूर्नामेंट का आयोजन संस्कार एकेडमी पचोर मे सफलतापूर्वक किया गया. कार्यक्रम में बतौर अतिथि दिनेश गोयल, महेश गोयल, डॉ विकास शर्मा, प्राचार्य राजेश शर्मा, समन्वयक इरशाद अहमद, कँवलप्रीत सिसोदिया, रियांशी गोयल खिलाडियों से परिचय प्राप्त किया. टूर्नामेंट में बालक वर्ग से कुल 10 टीमों तथा बालिका वर्ग से 2 टीमों ने सहभागिता की. संस्कार एकेडमी की टीम ने अपने सभी मुकाबले जीतकर फाइनल मे प्रवेश किया फाइनल मे शासकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय गुलावता को हराकर विजयश्री प्राप्त की.

टूर्नामेंट मे श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले छात्रों को जिला स्तर प्रतियोगिता मे भाग लेने का अवसर मिलेगा. जिला स्तरीय तैराकी सभी वर्ग मे संस्कार एकेडमी के खिलाड़ी विजेता रहे. अब चयनित खिलाड़ी राज्य स्तर पर अपना प्रदर्शन करेंगे. प्रतियोगिता के सफल आयोजन में खेल विभाग राजगढ़ संभागीय खेल अधिकारी शर्मिला डाबर, दीपक गोयल अध्यक्ष स्विमिंग एसोसिएशन, सचिव दिनेश गोयल, समन्वयक लाल सिंह लोधा, वरिष्ठ खेल शिक्षक अजय विश्वकर्मा, विष्णु लववंशी, हंसराज गुर्जर, मानसी सिंह, विष्णु चौधरी, भरत भेरवे, राहुल गौड़, सागर अहिरवार, संध्या राजपूत शिक्षकों एवं आयोजक समिति का विशेष योगदान रहा.

### कार्यशाला आयोजित

**राजगढ़ 16 जनवरी, का.** शासकीय अग्रणी स्नातकोत्तर महाविद्यालय में शुक्रवार को राष्ट्रीय टास्क फोर्स के तत्वावधान में विद्यार्थियों के लिए मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता एवं बढ़ती आत्महत्या की प्रवृत्ति की रोकथाम हेतु एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया. कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रभारी प्राचार्य डॉ. मंगलेश सोलंकी द्वारा की गई. कार्यशाला में मुख्य वक्ता एवं विषय विशेषज्ञ के रूप में जिला चिकित्सालय राजगढ़ के नर्सिंग ऑफिसर (मनोचिकित्सा विशेषज्ञ) राहुल राजपूत उपस्थित रहे.

**जालसाजी** नकली ट्रेडमार्क का उपयोग किया, गुणवत्ताविहीन खल बेचकर कमा रहा था भारी लाभ

# 10 सालों से फर्जीवाड़ा करने वाला व्यापारी धराया

नवभारत न्यूज

**ब्यावरा/करनवास 16 जनवरी, का. पिछले 10 वर्षो से भी अधिक समय से फर्जीवाड़ा कर ट्रेडमार्क का दुरूपयोग करने वाले एक व्यापारी को पुलिस ने गिरफ्तार कर उसके पास से पशु आहार के रूप में बनाई जाने वाली खल के साथ कई प्रकार नकली सामग्री जब्त की.**

उल्लेखनीय है कि करनवास थानांतर्गत दामड़िया रोड पर जीवन पिता दीपचंद जायसवाल, उम्र 42 वर्ष, निवासी ग्राम सुल्तानिया द्वारा करीब 10 वर्ष से भी अधिक समय से पशु आहार बनाने का कार्य किया जा रहा था. जीवन द्वारा पशु आहार को गुणवत्ता विहीन बनाकर महाराष्ट्र की कंपनी के चर्चित ब्रांड का उपयोग कर माल को बाजार में बेचता था. पशु आहार बनाने में नकली होलोग्राम का उपयोग करने के साथ ही वह महाराष्ट्र की पशु आहार बनाने वाली कंपनी गोयनका ऑईल इंडस्ट्रीज के ब्रांड का उपयोग कर अपना पशु आहार बेचता था. आरोपी युवक ने स्वर्णा इंडस्ट्रीज के नाम से खुद की फर्म बनाकर पशु आहार बनाने का काम किया जाता था. बाजार में जब उसे अधिक सफलता नहीं मिली तो उसने गोयनका इंडस्ट्रीज के ब्रांड डबल मशाल एवं गौरक्षक भोग के नाम का दुरूपयोग करना शुरू किया. वह इस बहाने बाजार में कुछ राशि कम करके यह माल बेचता था और करीब दो गुना तक लाभ कमाता था. इसकी जानकारी लगने पर गोयनका ऑईल इंडस्ट्रीज को पता लगने पर उसने शिकायत पुलिस को की गई थी.

### गोयनका के पुराने वारदान लाकर उसमें भरता था पशु आहार

आरोपी युवक जीवन जायसवाल ने गोयनका ट्रेडमार्क का उपयोग कर गुणवत्ता विहीन खल बेचकर भारी लाभ कमाया. वह यह काम 10 से भी अधिक वर्ष से कर रहा था. इसके लिये उसने यह युक्ति अपनाई कि वह गोयनका पशु आहार के डबल मशाल एवं गौरक्षक भोग नामक ब्रांड का उपयोग करता था. इसके लिये उसने इस ब्रांड की पुरानी बोरियों को बाजार से खरीदना शुरू किया. इन्हीं बोरियों में वह अपनी स्वर्णा इंडस्ट्रीज द्वारा गुणवत्ता विहीन पशु आहार को भरता और अच्छे दामों में बेचने लगा. इस कार्य में उसने कई व्यापारियों को शामिल कर उनके माध्यम से किसानों को गोयनका के रेट में बेचकर व्यापारी और निर्माता दोनो मिलकर भारी लाभ कमा रहे थे. गोयनका कंपनी के डायरेक्टर श्री संदीप का कहना था कि हमारे द्वारा उक्त व्यक्ति को कई बार समझाया गया था. उसने एक दो बार हमें यह आश्वासन दिया था कि अब वह भविष्य में नहीं करेगा. उसने हमारी कार्रवाई से बचने के लिये हमें बच्चों की झूठी कसम तक खाई थी. हमें भरोसा हो गया था कि वह अब नहीं करेगा लेकिन उसने अपनी बदमाशी बंद नहीं की थी. जानकारी के अनुसार गोयनका इंडस्ट्रीज द्वारा करीब 10 वर्ष पूर्व ही इस व्यक्ति की लिखित शिकायत पुलिस को की गई थी. पुलिस ने उस समय मामले को गंभीरता से नहीं लिया. मजबूरी में पुनः कंपनी ने सक्रियता दिखाई और पुलिस–प्रशासन को आरोपी की गतिविधियों से अवगत कराया.



### 6 हजार से ज्यादा नकली होलोग्राम जब्त

करनवास पुलिस थाना प्रभारी कर्मवीर सिंह ने बताया कि पुलिस अधीक्षक अमित तोलानी, एडी. एसपी के .एल. बंजारे, एसडीओपी ब्यावरा प्रकाश शर्मा के मार्गदर्शन में हमने आरोपी के विरूद्ध भारतीय न्याय संहिता की धारा 318(4), 347(1), 349(क) तथा कॉपीराइट अधिनियम की धारा 51 एवं 63 के अंतर्गत गिरफ्तार कर लिया है. इस कार्रवाई में सउनि. रमेश यादव, प्रआर. मनोज, आर. सुनील की सराहनीय भूमिका रही. आरोपी के यहां से पुलिस ने 6500 से अधिक नकली होलोग्राम, 110 ब्रांडेड बारदाने एवं पैकेजिंग सामग्री एवं अन्य सामग्री जप्त की है.